दिन– मंगलवार दिनांक– 05/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत हासिल कर इतिहास रचा। असम में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा तैयार।

02. केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन की जीत। तमिलनाडु में टीवीके एक सौ आठ सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी।

03. प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मी तेज। सात मई को सम्राट कैबिनेट का विस्तार होने की सम्भावना।

04. और, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में आंधी, बारिश और वज्रपात की घटनाओं में बारह लोगों की मौत। दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर आज भी आंधी और वज्रपात की चेतावनी।

---

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। पार्टी ने विधानसभा की दो सौ चौरानवे सीटों में से दो सौ छह सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। आजादी के बाद पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनेगी। तृणमूल कांग्रेस ने अस्सी सीटों पर जीत दर्ज की है। वाम दल को एक सीट मिली है। मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता बनर्जी भवानीपुर और नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के शुभेन्दु अधिकारी से हार गई हैं। बहरामपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी चुनाव हार गए हैं। इधर, तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कज़गम– टीवीके ने गठन के बाद हुए पहले चुनाव में एक सौ आठ सीटें जीतकर इतिहास रच दिया है। टीवीके राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। सत्तारूढ़ डीएमके ने 59 सीटें हासिल की।

असम में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने ऐतिहासिक रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल कर एक सौ छब्बीस सदस्यीय विधानसभा में चौंसठ सीटों के बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। दूसरी ओर कांग्रेस को उन्नीस सीटें, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और रायजोर दल को दो–दो सीटें तथा टीएमसी को एक सीट मिली।

केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यूडीएफ ने निर्णायक जीत हासिल की है। कांग्रेस ने तिरेसठ सीटें जीती जबकि उसकी सहयोगी पार्टी

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने बाईस सीटें जीतकर गठबंधन को पूरे राज्य में मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

राष्ट्रीय जनता दल ने केरलम विधानसभा चुनाव में एक सीट पर जीत दर्ज की है। राजद प्रत्याशी पी.के. प्रवीण ने कुथुपरम्बा सीट से विजय हासिल की। पार्टी के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने राजद उम्मीदवार की जीत पर प्रशनता व्यक्त करते हुये पार्टी की केरलम इकाई को बधाई दी है। गौरतलब है कि राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पार्टी प्रत्याशी श्री प्रवीण के सर्मथन में कई सभाए और रोड़–शो भी किये थे।

इधर, केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में तीस सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को अठारह सीट मिली है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। श्री मोदी दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह परिणाम एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना की जीत है।

———साउंड बाईट———

यह देश के उज्जवल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है, यह भरोसे का दिन है, भरोसा भारत के महान लोकतंत्र पर, भरोसा परफॉर्मेंस की पॉलिटिक्स पर, भरोसा वीरता के संकल्प पर, भरोसा एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना पर।

श्री मोदी ने कहा कि देश में गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक भाजपा का कमल खिला हुआ है।

———साउंड बाईट———

आप सबको कहा था गंगा जी बिहार से आगे बहते हुए गंगासागर तक जाती है। बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक कमल ही कमल खिला हुआ है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल आज मां गंगा के इर्द–गिर्द बसे इन राज्यों में बीजेपी एनडीए सरकार है।

———————————————————————

श्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने के लिए भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की सराहना की। इस अवसर पर श्री नवीन ने चारों राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की जनता को भाजपा और एनडीए पर अपना समर्थन और विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली यह शानदार जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों और समर्पण का परिणाम है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर अपना पूर्ण भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विकास, सुशासन और जन कल्याण के कार्यों को नई गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा की जीत पर कहा कि यह जीत जन सेवा, सुशासन और विकास के प्रति पार्टी नेतृत्व के अटूट समर्थन का परिणाम है। श्री चौधरी ने इसके लिए पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता के प्रति आभार जताया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जीत का श्रेय गरीबों के मसीहा, कर्मयोगी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को जाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि बंगाल में भगवा लहरा गया है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति का किला ध्वस्त हो गया है।

भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारी और पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की शानदार और ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं को समर्पित है। उन्होंने कहा कि जनता ने टीएमसी के भय की जगह प्रधानमंत्री श्री मोदी पर भरोसा कर जनादेश दिया है।

———साउंड बाईट———

हम के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की मेहनत का परिणाम है। वहीं, लोजपा, रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार सात मई को होने की सम्भावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन पटना के गांधी मैदान में किया जायेगा। दिल्ली प्रवास के बाद कल पटना लौटे श्री चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की और मंत्रिमंडल विस्तार पर विमर्श किया। माना जा रहा है कि इस दौरान सम्भावित मंत्रियों के नामों और विभागों को लेकर भी चर्चा हुई। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने अपने दिल्ली

प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने एनडीए के घटक दलों के प्रमुख नेताओं से भी मुलाकात की।

———————————————————————

पश्चिमी विभोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आंधी—बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—पूर्व जिलों के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान इन क्षेत्रों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा की गति के हवा चलने की संभावना है।

———साउंड बाईट———

इधर, कल पटना, गया, सीवान, दरभंगा, अररिया और कटिहार समेत आस—पास के कई जिलों में तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर बिजली के खम्भे और पेड़ उखड़ गये। कई स्थानों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होने से आवागमन भी बाधित हुआ है। वहीं, इस बारिश से खेतों में लगी फसल के साथ आम, लीची और सब्जियों को नुकसान हुआ है।

———————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान आंधी, बारिश और वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में बारह लोगों की मौत हो गयी। पूर्वी चम्पारण जिले में पांच, औरंगाबाद में चार और गया जिले में विभिन्न घटनाओं में तीन लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन घटनाओं पर शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार—चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की निर्देश दिये है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य में ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से करने निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू की खंडपीठ ने एक लोकहित याचिका पर सुनवाई करते हुये यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नौ मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेश के जिला न्यायालय ट्रैफिक चालान से जुड़े मामले का निपटारा करना सुनिश्चित करेंगे।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिऐशन के तत्वावधान में आयोजित पुरूष टी—ट्वेंटी प्रतियोगिता के तहत अलग—अलग स्थानों पर खेले गये मैच में बेगूसराय, खगड़िया और कटिहार की टीमों ने जीत दर्ज की।

बिहार यूथ फाउंडेशन महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट लीग का आयोजन करेगा। इसके लिए दस मई को पटना के दानापुर में चयन शिविर का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

पटना सिटी के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महेंद्रु स्थित एक लॉज में छापेमारी कर पुलिस ने हवाई फायरिंग के आरोपी विशाल कुमार उर्फ राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से ऑटोमेटिक पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया है। पिछले दिनों विशाल कुमार का पटना में हवाई फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ था। इधर, अगमकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदलाल छपरा मोड़ के पास पुलिस ने छापेमारी कर दस किलो से अधिक गांजा के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पांच राज्यों के चुनाव परिणाम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– बंग भूमि में खिला कमल, केरल ने कांग्रेस को चुना।

दैनिक जागरण इसी खबर पर लिखता है– बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार।

दैनिक भास्कर ने तमिलनाडु के चुनाव परिणाम का शीर्षक बनाया है– दो साल पहले पार्टी बनायी और चौंसठ साल पुरानी द्रविड़ राजनीति की जड़ें हिला दीं।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– आज वर्षों की साधना सिद्धि में बदली, गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल।

आज अखबार लिखता है– वज्रपात, आंधी, तूफान और तेज बारिश से बारह की मौत। सीएम दुखी, चार–चार लाख अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा।

राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है– कच्ची दरगाह–बिदुपुर छह लेन पुल का काम पूरा, जल्द होगा चालू।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत हासिल कर इतिहास रचा। असम में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा तैयार।

02. केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन की जीत। तमिलनाडु में टीवीके एक सौ आठ सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी।

03. प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मी तेज। सात मई को सम्राट कैबिनेट का विस्तार होने की सम्भावना।

04. और, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में आंधी, बारिश और वज्रपात की घटनाओं में बारह लोगों की मौत। दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर आज भी आंधी और वज्रपात की चेतावनी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।